MPHIN/2023/88306

डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26

# यशस्वी दुनिया

खबर वही सोच नई...

साप्ताहिक

सम्पादक
कैलाश विश्वकर्मा
मो.7898341111

yashasviduniya@gmail.com

वर्ष -4 अंक -12 मंदसौर, 9 सितम्बर 2026 बुधवार से 15 सितम्बर 2026 तक पृष्ट -4 कीमत 2 रू.

# मीणा समाज सेवा संगठन एवं समाज के लोगों ने 7 घंटे तक किया विरोध प्रदर्शन

## भाजपा नेता अनिल राठौर ने थाना परिसर में मांगी माफी

भानपुरा। भाजपा नेता अनिल राठौर द्वारा विजय मीणा को थप्पड़ मारने के मामले में मीणा समाज सेवा संगठन मंदसौर ने कड़ा रुख अपनाते हुए विगत मंगलवार को सुबह 10 बजे से करीब 7 घंटे तक विरोध प्रदर्शन किया। संगठन के भारी दबाव और आक्रोश के बाद ढलती शाम को भाजपा नेता अनिल राठौर ने खुद थाना परिसर में आकर विजय मीणा से कथित रूप से माफी मांग ली।

घटना के बाद से ही मीणा समाज में भारी आक्रोश देखा जा रहा था। समाज के पीड़ित व्यक्ति को न्याय दिलाने के लिए मीणा समाज सेवा संगठन के पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता थाने के बाहर जमा हो गए। प्रदर्शनकारियों ने अनिल राठौर द्वारा सार्वजनिक रूप से माफी मांगने को लेकर करीब 7 घंटे तक नारेबाजी की और धरना दिया। उस दौरान कुछ संगठन में लोग विधायक कार्यालय भानपुरा के बाहर भी इकट्ठे भी हुए और नारेबाजी भी की। मौके पर थाना प्रभारी विनय बुंदेला पुलिस फोर्स के पहुंचे एवं समझाइश के बाद वहां से लोगो को हटाया , बाद में संगठन के कुछ पदाधिकारी एवं विजय मीणा एवं उसका भाई थाना भानपुरा फिर पहुंचे।

### थाने में मांगनी पड़ी माफी, फोटो सोशल मीडिया पर वायरल

मीणा समाज सेवा संगठन के लगातार बढ़ते विरोध प्रदर्शन एवं समाज के वरिष्ठ लोगों के हस्तक्षेप के बाद आखिरकार कथित भाजपा नेता अनिल राठौर को झुकना पड़ा। ढलती शाम को अनिल राठौर खुद भानपुरा थाना परिसर पहुंचे और समाज के महज कुछ ही लोगों के सामने थाना प्रभारी



कक्ष में विजय मीणा से अपने किए की माफी मांगी। इस दौरान दोनों पक्षों की मौजूदगी में मामला शांत हुआ। थाना परिसर में माफी मांगने के दौरान की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, जिसे लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं गर्म हैं। वही विजय मीणा के भाई का एक वीडियो भी स्पेशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें भाजपा नेता अनिल राठौर द्वारा सोशल मीडिया पर माफी मांगने की वीडियो डालने के लिए युवा संगठन के लोगों से बात की जा रही है लेकिन खबर लेकर जाने तक अनिल राठौर द्वारा किसी प्रकार का कोई वीडियो सोशल मीडिया पर नहीं डाला गया।

मीणा समाज सेवा संगठन के पदाधिकारियों से मीडिया ने चर्चा की तो बताया कि अनिल राठौर द्वारा थाना परिसर में थाना प्रभारी कक्ष में माफी मांग ली गई है।



## जमीन में दफन कच्ची महुआ शराब जब्त-200 लीटर लहान और भट्टी नष्ट

मंदसौर। जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार दोपहर अफजलपुर थाना पुलिस ने ग्राम बाग्या और आसपास के खेतों में दबिश दी। पुलिस ने खेतों में तलाशी के दौरान जमीन में दफन कर रखी गई 42 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की।

इसके अलावा अवैध शराब बनाने के लिए तैयार करीब 200 लीटर लहान और शराब बनाने की भट्टी को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। पुलिस ने मामले में 3 महिलाओं और 1 पुरुष समेत चार आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। कार्रवाई के दौरान आरोपी मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश की जा रही है।

**मुखबिर की सूचना पर खेतों में तलाशी**

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम बाग्या और आसपास के





खेतों में अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बनाई जा रही है। सूचना के बाद एसपी विनोद कुमार मीना के निर्देश पर थाना प्रभारी विकास गेहलोत के नेतृत्व में पुलिस की टीमें बनाई गईं। टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर खेतों में तलाशी शुरू की।

**जमीन में छिपाकर रखी थी शराब**

तलाशी के दौरान पुलिस को करीब 200 लीटर लहान और शराब बनाने की भट्टी मिली। पुलिस ने लहान और भट्टी को मौके पर ही नष्ट कर दिया। वहीं कुछ कच्ची महुआ शराब जमीन के अंदर छिपाकर रखी गई थी। पुलिस ने खुदाई कर वहां से 42 लीटर शराब बरामद की।

**चार आरोपियों पर केस, तलाश जारी**

पुलिस ने मामले में तीन महिलाओं और एक पुरुष समेत कुल चार आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है। कार्रवाई के दौरान आरोपी मौके से भाग निकले। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है और अवैध शराब के इस ठिकाने से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी भी जुटाई जा रही है।

## पत्नी के अफेयर और धमकी से परेशान पति पहुंचा थाना-पुलिस से लगाई सुरक्षा की गुहार

मंदसौर। जिले के गरोठ थाना क्षेत्र के गांव बड़िया अमरा से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। मंगलवार को पीड़ित दीपक मेघवाल अपनी ही पत्नी के व्यवहार और धमकियों से तंग आकर पुलिस के शरण में पहुंचा है। दीपक ने एसपी और स्थानीय थाने में आवेदन देकर अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई है।

दीपक का विवाह करीब पंद्रह महीने पहले शामगढ़ थाना क्षेत्र के गांव डाबला गुर्जर निवासी युवती के साथ हुआ था, लेकिन शादी के कुछ समय बाद ही उसका व्यवहार बदल गया और वह रोजमर्रा के खर्चों के नाम पर पैसों की मांग करने लगी, साथ ही वैवाहिक संबंध बनाने से इनकार करने लगी।

**सोशल मीडिया पर बनाई फर्जी ID**

जब दीपक को शक हुआ तो उसने सोशल मीडिया खंगाला, तो पता चला कि उसकी पत्नी फर्जी आईडी बनाकर दूसरे पुरुषों से बातचीत करती है। दीपक ने जब यह शिकायत अपने ससुर से की तो मदद के बजाय उसे गाली-गलौज करके भगा दिया गया और ससुर ने पैर तोड़ने व जान से मारने की धमकी भी दी।



थाने पहुंचा पीड़ित।

**ससुर ने भी नहीं की मदद**

दूसरी ओर, युवती के पिता मुकेश ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि उनकी बेटी को बदनाम किया जा रहा है और दीपक उसे साथ रखने से इनकार कर रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और दीपक ने अपनी जान की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है।

# संपादकीय

## विकसित भारत के सफर में शिक्षकों की भूमिका

भारतीय परंपरा में, शिक्षा को हमेशा एक ऐसी यात्रा के रूप में देखा गया है, जो एक व्यक्ति को आकार देती है और समाज को समृद्ध बनाती है। ज्ञान व्यक्ति को दुनिया को समझने में मदद करता है, जबकि शिक्षक का मार्गदर्शन सीखने की प्रक्रिया को मकसद, दिशा और अर्थ देता है। प्राचीन भारत के गुरुकुलों से लेकर आज के क्लासरूम तक, शिक्षक और सीखने वाले के बीच का रिश्ता इस यात्रा के केंद्र में रहा है और शिक्षक दिवस हमें इसी रिश्ते को मनाने का मौका देता है।

हर साल 5 सितंबर को हम डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की याद में शिक्षक दिवस मनाते हैं, जो एक जाने-माने विद्वान, दार्शनिक और शिक्षक थे और जिनका जीवन शिक्षा की गरिमा और समाज में शिक्षक के गहरे योगदान को दर्शाता था। इसलिए, यह दिन सिर्फ सराहना करने के एक दिन से कहीं ज़्यादा मायने रखता है।यह हमें उन सांस्कृतिक मूल्यों की याद दिलाता है, जिन्होंने सीखने और शिक्षक के बारे में भारत की समझ को आकार दिया है। हमारी प्राचीन परंपरा में, शिक्षक को एक ऐसे मार्गदर्शक के रूप में सम्मान दिया जाता था, जो सीखने वाले को ज्ञान और बेहतर समझ की ओर ले जाता था।

गुरु देवो भवः की भावना शिक्षक के प्रति गहरे सम्मान को दर्शाती है, जिसकी भूमिका अनुशासन, चरित्र, मूल्यों और ज़िम्मेदारी की भावना को विकसित करने तक विस्तृत है। शिक्षा को व्यक्ति के सर्वांगीण विकास की प्रक्रिया के रूप में देखा जाता था। भारत की शिक्षा प्रणाली में गुरु-शिष्य परंपरा आज भी जीवित है। शिक्षक का योगदान केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होता, बल्कि व्यक्ति के समग्र विकास में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षक छात्रों का मार्गदर्शन करते हैं, उनकी खूबियों को पहचानते हैं, उन्हें अपनी रुचियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं और उनमें आत्मविश्वास जगाने में मदद करते हैं।

उनका मार्गदर्शन किसी व्यक्ति के जीवन पर स्थायी प्रभाव डाल सकता है और उन्हें एक सफल और ज़िम्मेदार इंसान बनने में मदद कर सकता है। इस तरह, शिक्षक और छात्र के बीच का रिश्ता युवाओं के जीवन को आकार देता रहता है। भारत की शिक्षा की लंबी परंपरा में यह समृद्ध शैक्षिक विरासत दिखाई देती है। तक्षशिला, विक्रमशिला और नालंदा जैसे हमारे प्राचीन शिक्षा केंद्रों ने भारत और विदेशों से छात्रों और विद्वानों को आकर्षित किया है। ये केंद्र गणित, खगोल विज्ञान, चिकित्सा, दर्शन, साहित्य, भाषाओं और जीवन विज्ञान जैसे विषयों पर विद्वता, चर्चा और विचारों के आदान-प्रदान के केंद्र बन गए। इस परंपरा के मूल में इस बात की गहरी समझ थी, कि मानव जीवन के लिए ज्ञान का क्या अर्थ है। संस्कृत का वाक्यांश ज्ञानं मनुजस्य तृतीयं नेत्र, ज्ञान को मनुष्य की तीसरी आँख के रुप में प्रस्तुत करता है। ज्ञान हमें तात्कालिकता से परे देखने, गहराई से समझने और सोच-समझकर निर्णय लेने में सक्षम बनाता है। इस प्रक्रिया में शिक्षक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है,वह सीखने वाले को जानकारी से समझ की ओर और समझ से विवेक की ओर ले जाता है। ये विचार ऐसे में और भी अहम हो जाते हैं, जब भारत 21वीं सदी के अवसरों के लिए अपनी शिक्षा व्यवस्था को तैयार कर रहा है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में, एक विकसित और ज्ञान-आधारित राष्ट्र बनने की भारत की यात्रा में शिक्षा को केंद्र में रखा गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 इस दिशा में एक अहम कदम है। यह नीति सीखने वाले को शिक्षा के केंद्र में रखती है और उसके सर्वांगीण विकास, वैचारिक समझ, आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता, अनुभव-आधारित शिक्षा और कौशल को महत्व देती है। साथ ही, यह भारतीय भाषाओं पर फिर से ध्यान केंद्रित करती है और छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कोडिंग, रोबोटिक्स और अन्य नई तकनीकों जैसे उभरते क्षेत्रों के लिए भी तैयार करती है। जानकारी पाने और सीखने के लिए तकनीक बड़े पैमाने पर नए रास्ते खोल रही है। शिक्षक सीखने की इस प्रक्रिया को संदर्भ, दिशा और मानवीय जुड़ाव देते हैं।

# भारी बारिश के बीच अधूरा रहा अंतिम संस्कार, शेड के अभाव में नहीं जल पाई चिता

शामगढ़। तहसील क्षेत्र के ग्राम कुंडला खुर्द से रविवार को एक मार्मिक मामला सामने आया, जहां मुक्तिधाम में शेड के अभाव के चलते एक बुजुर्ग महिला का अंतिम संस्कार बारिश के बीच अधूरा रह गया। तेज बारिश के कारण चिता पूरी तरह नहीं जल सकी। परिजनों और ग्रामीणों ने चिता जलाने के लिए टायर और करीब 3 हजार रुपये का पेट्रोल तक जुटाया, लेकिन लगातार बारिश के चलते उनके प्रयास सफल नहीं हो सके। जानकारी के अनुसार ग्राम कुंडला खुर्द निवासी करीब 65 वर्षीय भूमि बाई प्रजापति का रविवार को निधन हो गया था। परिजन और ग्रामीण अंतिम संस्कार के लिए शव को गांव के मुक्तिधाम लेकर पहुंचे। अंतिम संस्कार की प्रक्रिया शुरू होने के कुछ ही देर बाद तेज बारिश शुरू हो गई। मुक्तिधाम में बारिश से बचाव के लिए शेड नहीं होने के कारण चिता को जलाए रखना मुश्किल हो गया और चिता पूरी तरह नहीं जल पाई। परिजनों ने बारिश के बीच चिता को जलाने का काफी प्रयास किया। इसके लिए टायरों के साथ करीब 3 हजार रुपये का पेट्रोल भी जुटाया गया, लेकिन बारिश लगातार जारी रहने से चिता नहीं जल सकी। इस घटना से परिजन और ग्रामीण बेहद व्यथित नजर आए। मृतका के पोते पप्पू प्रजापति ने बताया कि मुक्तिधाम तक पहुंचने वाला रास्ता भी खराब है। इसके अलावा मुक्तिधाम में बारिश से बचाव के लिए शेड नहीं होने से अंतिम संस्कार के दौरान काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत से कई बार शेड निर्माण की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई। ग्रामीणों के अनुसार पिछले करीब 20 दिनों में इस मुक्तिधाम से लगभग चार शव यात्राएं निकल चुकी हैं। बारिश के दौरान शेड के अभाव में अंतिम संस्कार प्रभावित होने की समस्या सामने आती रही है। ग्रामीणों का कहना है कि मुक्तिधाम का निर्माण कई महीनों से चल रहा है, लेकिन अभी तक शेड का निर्माण पूरा नहीं हुआ है। पप्पू प्रजापति ने सवाल उठाते हुए कहा, आज मेरी दादी की चिता अधूरी जल पाई, इसकी जवाबदारी कौन लेगा? मामले ने ग्राम पंचायत की व्यवस्थाओं और मुक्तिधाम में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों की मांग है कि मुक्तिधाम में शीघ्र शेड का निर्माण कराया जाए तथा रास्ते सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि बारिश के मौसम में किसी परिवार को अंतिम संस्कार के दौरान ऐसी परेशानी का सामना न करना पड़े।


ट्रेवल्स अहमदाबाद, इंदौर, भोपाल, राजकोट, सुरत, बड़ौदा, उज्जैन





मधुर काँटा की नई सौगात इलेक्ट्रानिक तोलकाँटा

दूध डेयरी का सामान



डेयरी संबंधित सभी प्रकार की मशीन व मशीन के पार्ट्स उचित दाम पर मिलते है एवं सभी प्रकार की मशीनें रिपेयरिंग की जाती है।



साथ ही



आपके मकान, दुकान, गोडाऊन व व्यावसायिक स्थल की सुरक्षा हेतु CCTV कैमरे लगवाईये।



L.E.D. T.V., नोट काउंटिंग मशीन वारंटी व गारंटी के साथ

हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुराने CCTV कैमरे रिपेयर भी किये जाते हैं

मधुर इंटरप्राइजेस ट्रेवल्स & कोरियर

प्रोप्रा. अनुप जैन (कदुभाई), गरोठ वाले

शिव हनुमान मंदिर के पास, मेनरोड, बस स्टेण्ड, शामगढ़ Mob. 9977003920, 9179928540, 8224851378, 8889305176, 9685258614, 9174077485

हास्पीटल रोड़, गरोठ 9713314588, 7225855268






प्रो-टीपू शेख, मो-9893112773 आदिल मो-9806741851

राज लाइट डेकोरेशन

एण्ड डीजे साउंड



हमारे यहां लाईट डेकोरेशन, डीजे साउण्ड, जनरेटर, 5 केवीआर से 125 केवीआर जनरेटर व्यवस्था एवं इलेक्ट्रीक फीटिंग कार्य भी किया जाता है। जनरेटर खरीदे व बेचे जाते है। ए टू जेड जनरेटर व्यवस्था।





चामुण्डा कालोनी, माकड़ी माताजी रोड, शामगढ़



ज्योति ऑप्टीकल एण्ड आई केयर

आईसीआईसीआई बैंक के सामने, सुभाष मार्ग, शामगढ़

Mob.9752457614,9893826814

आधुनिक मशीनों द्वारा आंखो की जांच कर चश्मे बनाये जाते है विश्वसनीय कम्पनियों के चश्मे व गॉगल।



नैत्र रोग विशेषज्ञ- डॉ.विक्रांत भावसार

प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को उपलब्ध रहेगें

समय प्रातः 10 से 1 बजे तक

# एमपी के किसानों के लिए खुशखबरी... प्याज-लहसुन क्लस्टर किए जाएंगे विकसित, फूड प्रोसेसिंग पर मिलेगी 50% सब्सिडी

भोपाल। प्रदेश में सब्जियों के अनियंत्रित बाजार भाव को स्थिर करने के लिए प्रदेश में ही प्याज और लहसुन जैसी फसलों के पर्याप्त उत्पादन को प्रोत्साहित किया जाएगा। किसानों को रियायती दरों पर उच्च गुणवत्ता के बीज उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए राज्य सरकार ने प्याज और लहसुन के क्लस्टर विकसित करने की योजना बनाई है। उद्यानिकी संचालनालय ने इसका प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा है। इसके अलावा फल व फूलों के क्लस्टर विकास का जिलों को लक्ष्य दिया जाएगा। मंदिर स्थलों के पास फूलों के क्लस्टर विकसित किए जाएंगे। इसकी पूरी कार्य योजना बनाई जा रही है। अब बुरहानपुर, इंदौर, ग्वालियर में क्रमशः केला, सब्जी और अमरूद महोत्सव आयोजित किए जाएंगे। वर्ष 2030 तक उद्यानिकी क्षेत्र का रकबा 30 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाने का लक्ष्य है। किसानों की उपज बर्बाद न हो, इसके लिए फूड प्रोसेसिंग यूनिट (खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों) की स्थापना पर सरकार द्वारा 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जा रही है। योजना के अंतर्गत प्रमुख जिलों में विशिष्ट फल, सब्जी उत्पादन, प्रसंस्करण और परिवहन को जोड़ा जाएगा।

**इंदौर, बुरहानपुर, ग्वालियर में होंगे विशेष महोत्सव**

प्रदेश सरकार के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा उद्यानिकी फसलों (फल, सब्जी, मसाले व फूल) को बढ़ावा देने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए आम महोत्सव जून में भोपाल में आयोजित किया जा चुका है। केला महोत्सव सितंबर में बुरहानपुर में आयोजित होना है। इसी तरह सब्जी महोत्सव अक्टूबर में इंदौर में, अमरूद महोत्सव नवंबर में ग्वालियर में आयोजित किया जाएगा। दिसंबर में ग्वालियर में मधुमक्खी पालन व्यवसाय के प्रोत्साहन एवं जागरूकता के लिए एक कार्यशाला/सेमिनार भी आयोजित की जाएगी। राज्य स्तरीय पुष्प महोत्सव (भोपाल) और कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए बलराम कृषि महोत्सव जैसे बड़े आयोजन भी किए जा रहे हैं।

**बाजार की मांग और फूड प्रोसेसिंग पर जोर**

इंदौर, उज्जैन, देवास, शाजापुर और छिंदवाड़ा जैसे चिन्हित प्रोडक्शन क्लस्टर्स में बाजार की मांग और क्षेत्र की क्षमता के अनुसार उच्च मूल्य वाली सब्जियां, फल और मसाले उगाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। किसानों की उपज बर्बाद न हो, इसके लिए फूड प्रोसेसिंग यूनिट (खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों) की स्थापना पर सरकार द्वारा 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जा रही है ताकि फल-सब्जियों के पल्प, पाउडर या फ्लेक्स बनाकर उन्हें बड़े बाजारों में एक्सपोर्ट किया जा सके।

**शहरों के आसपास विशेष सब्जी क्लस्टर व फ्रूट फेस्टिवल की योजना**- शहरी क्षेत्रों में ताजी सब्जियों की निरंतर मांग को पूरा करने और स्थानीय किसानों को सीधा बाजार उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय कृषि










## मिट्टी से बनी मूर्ति उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा को भेंट


मंदसौर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड मंदसौर द्वारा ÷माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान÷ का प्रारंभ मिट्टी से बनी मूर्ति माननीय श्री जगदीश जी देवड़ा उपमुख्यमंत्री, उपाध्यक्ष मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद को भेंट करके की गई। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने अभियान परिषद को शुभकामनाएं दी। इसके पश्चात पर्यावरण संरक्षण एवं भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ÷माटी गणेश, सिद्ध गणेश÷ अभियान के अंतर्गत माटी से गणेश की प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम उत्कृष्ट विद्यालय, मंदसौर में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को प्राकृतिक मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने की विधि एवं पर्यावरण अनुकूल गणेश उत्सव के महत्व की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में जिला समन्वयक श्रीमती तृप्ति बैरागी, विकासखंड समन्वयक श्रीमती अर्चना भट्ट, भाजपा सोशल मीडिया जिला संयोजक श्री इंद्रजीत भट्ट, प्रशिक्षिका सुश्री दीपिका प्रजापति, प्रियदर्शिनी सामाजिक सेवा संस्था से श्री दिनेश सोलंकी सहित परामर्शदाता श्री रूपदेव सिंह सिसोदिया, श्री संदीप शर्मा, श्री रघुवीर सिंह राठौर, श्री अनिल सुमन, श्रीमती सोना सोलंकी एवं श्रीमती ऊषा सोलंकी उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण में विकासखंड की नवांकुर सखियों, प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारियों तथा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रशिक्षिका द्वारा प्रतिभागियों को मिट्टी से गणेश प्रतिमा तैयार करने की विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

विकासखंड समन्वयक श्रीमती अर्चना भट्ट ने बताया कि माटी से निर्मित गणेश प्रतिमाओं का उपयोग पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।



## कार्यालय नगर परिषद शामगढ जिला मन्दसौर म0प्र0

पृष्ठा0क / 2822,2850 / 2026 दिनांक 08.09.2026

### ई निविदा आमंत्रण सूचना

लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद, शामगढ द्वारा नगर में विभिन्न स्थानो पर निर्माण कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक ठेकेदार निर्धारित धरोहर राशि जमा कर ऑनलाईन दर प्रस्तुत कर सकते है । जिसका विवरण एवं शर्ते कार्यालयीन समय में कार्यालय में उपस्थित होकर देख सकते है। उक्त टेंडर की समयावधि 02 माह होगी।

| क. | ऑन लाईन टेण्डर क्र | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अर्नेस्टमनी | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_534321_1 | वार्ड कं 08 सगोरिया रोड से रमेश जी सोनी (खादुश्याम ज्युस ) के मकान तक सी0सी0 रोड एंव नाली निर्माण कार्य | 2183255.4 | 16380 | 5000.00 | तृतीय |
| 2 | 2026_UAD_534615_1 | वार्ड कं 08 कान्हा मांगलिक भवन से गोकुल धाम एंव विभिन्न गलियों में डामरीकरण कार्य | 5097411 | 38230 | 10000 | तृतीय |

कं 01 की निविदा ऑनलाईन कय एंव बिड जमा करने की अंतिम तिथि 15.09.2026 सांय 17 बजे तक एंव खोलने की दिनांक 16.09.2026। कं 02 की निविदा ऑनलाईन कय एंव बिड जमा करने की अंतिम तिथि 23.09.2026 सांय 17 बजे तक एंव खोलने की दिनांक 24.09.2026।

नोट :–

01. विस्तृत निविदा विज्ञप्ति टेण्डर एवं अन्य दस्तावेज देखने एवं डाउनलोड करने के लिये https://mptenders.gov.in/ पर सुविधा उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय नगर परिषद् शामगढ़ पर सम्पर्क करे।

02.टेण्डर डाउनलोड करने के पूर्व निविदाकार स्थल का निरिक्षण कर नगर परिषद् शामगढ़ में उपलब्ध शर्ते का अध्ययन करने के उपरांत ही टेण्डर प्रविष्टि करें।

03.निविदा में यदि कोई संशोधन होता है तो वह ऑनलाईन पोर्टल पर प्रदर्शित होगा उसके लिये पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

04शासन के निर्देशानुसार अधिक बिलो टेंडर जाने पर नियमानुसार परफारमेंस गयारंटी अनुबंध के समय जमा करवाना अर्निवाय होगी।

05.निविदादाता अपनी दरे उक्त अनुमानित लागत अनुरूप कार्य पर लगने वाली जी.एस.टी दर को छोडकर प्रस्तुत करेगा। कान्ट्रेक्टर के भुगतान के समय जी.एस.टी. कि जो दरे देयक पर लागु होगी उसके अनुसार जी.एस. टी का भुगतान पृथक से कान्ट्रेक्टर को किया जावेगा।

06.शासन के निर्देशानुसार निर्माण कार्य में प्रयुक्त खनिज की रायल्टी रसिदे अप्राप्त होने पर खनिजों का बाजार मुल्य ठेकेदार के देयको से काटकर राशि का भुगतान किया जावेगा।

| श्रीमति कविता यादव | श्रीमति डाली जोशी | सिद्धार्थ जोशी | सुरेश यादव |
|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | उपाध्यक्ष | सभापति | मुख्य नगर पालिका अधिकारी |
| नगर परिषद शामगढ | नगर परिषद शामगढ | (लोक निर्माण ,उघान विघुत एवं यांत्रिकी विभाग) | नगर परिषद शामगढ |

पृष्ठा0क / 2854 दिनांक 08.09.2026

प्रतिलिपि :–

1. प्रधान संपादक दैनिक समाचार पत्र ..................की और विज्ञापन राशि रुपये ......... के अंतर्गत आगामी अंक मे प्रकाशन हेतू
2. कार्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद शामगढ






### सागर शराब कांड के बाद गरोठ में अलर्ट

# बोरवनी के जंगल में दबिश; 400 लीटर महुआ लहान और शराब बनाने का सामान नष्ट




गरोठ ।सागर जिले के बंडा में हुए भीषण जहरीली शराब कांड के बाद पूरे मध्य प्रदेश के साथ-साथ मन्दसौर जिले के गरोठ क्षेत्र में भी प्रशासन पूरी तरह अलर्ट पर है। मंदसौर के शामगढ़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 60 लीटर कच्ची हाथभट्टी शराब जब्त की है। पुलिस ने मौके से नरेंद्र सिंह (20) को गिरफ्तार किया, जबकि शराब सप्लाई करने का आरोपी तूफान सिंह फरार है।

बोरवनी के जंगल में हुई कार्रवाई के दौरान करीब 400 लीटर महुआ लहान और शराब बनाने के उपकरण भी नष्ट किए गए। यह कार्रवाई सागर जिले के बांदा में अवैध शराब से हुई मौतों के बाद चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई।

**बाइक से शराब ले जाते पकड़ाया आरोपी**

पुलिस के अनुसार, 9 सितंबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बोरवनी के जंगल से अवैध शराब ले जाई जा रही है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर बोरवनी निवासी नरेंद्र सिंह को पकड़ लिया। उसके पास से 60 लीटर कच्ची शराब मिली।

**20 हजार की बाइक भी जब्त**

पुलिस ने शराब के परिवहन में इस्तेमाल बाइक भी जब्त की है। शराब की कीमत करीब 6 हजार और बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए है। पूछताछ में नरेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह शराब गांव के तूफान सिंह सौंधिया राजपूत से लेकर आया था।

**शराब बनाने की सामग्री भी नष्ट**

पुलिस ने जंगल में तलाशी के दौरान करीब 400 लीटर महुआ लहान बरामद किया। मौके पर शराब बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले उपकरण भी मिले। पुलिस ने लहान और उपकरणों को नष्ट कर दिया।

**सप्लायर फरार, दोनों पर केस दर्ज**

पुलिस ने नरेंद्र सिंह के साथ तूफान सिंह को भी मामले में आरोपी बनाया है। तूफान सिंह फिलहाल फरार है। दोनों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश कर रही है।

**कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने सरकार पर साधा निशाना**

कांग्रेस जिला अध्यक्ष महेंद्रसिंह गुर्जर ने कार्रवाई के बाद सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में अवैध शराब का कारोबार बढ़ रहा है और इसे रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने आबकारी मंत्री जगदीश देवड़ा के इस्तीफे की मांग भी की।




समस्या अनेक समाधान एक
अब आप अपने व्यापार एवं जीवन से संबंधित कई कार्य आसानी से कर पाएंगे..सिर्फ एक संपर्क पर
ONE DESK BUISNESS SOLUTIONS PVT LTD
आपके लिए लाया है
GST,Income Ta& ,Loan & Subsidy Services,Trust & Society Registration ,Startup Consultancy,Company/LLP Incorporation
की सेवाओं के साथ सिर्फ एक कॉल पर उपलब्ध संपर्क करे...
पाटिल कॉलोनी H.N 34/35
मंदसौर 458001
Contact us -9109464400
onedeskwy@gmail.com
222.onedeskbiz.com


स्वामित्वाधिकारी, कैलाश विश्वकर्मा के लिए मुद्रक के द्वारा नकुल कंप्यूटर्रस एंड ऑफसेट प्रिंटर्स नाकोड़ा परिसर, गली नंबर 2 जीरागंज, मंदसौर (म.प्र.) से मुद्रित कर सुभाष मार्ग, शामगढ़ जिला मंदसौर (म.प्र.) से प्रकाशित,डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26 (संपादक कैलाश विश्वकर्मा) मो. 7898341111 MPHIN/2023/88306